# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)

निगम कार्यालय, गच्ची बाउली :: हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी/सीसी/ एमआर/04 दि. 20 जनवरी, 2024

## <u>प्रेस-विज्ञप्ति</u>

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) हैदराबाद को ‘नराकास राजभाषा सम्मान’ प्राप्त




दक्षिण क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन 19 जनवरी को एच ए एल प्रबन्ध अकादमी, बेंगलुरू में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री श्री अजय कुमार मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि मंच पर उनके साथ सचिव, राजभाषा, बीडीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कोमोडोर ए माधवराव (से.नि.) सहित अन्य गणमान्य अधिकारी मौजूद थे।

सम्मेलन के दौरान सी एम डी, बीडीएल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेते हुए हम सबको बेझिझक होकर गौरव से हिन्दी का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही, भाषा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर ध्यान देना चाहिए ताकि देश का विकास और तेजी से हो सके।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट राजभाषा कार्य करने वाले कार्यालयों और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को सम्मानित किया गया।। इस क्रम में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद

को वर्ष 2022-23 के दौरान उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन कार्य के लिए दक्षिण क्षेत्रीय **'नराकास राजभाषा सम्मान'** से सम्मानित किया गया। राजभाषा शील्ड के रूप में ये पुरस्कार गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र ने भारत डायनामिक्स लिमिटेड के निदेशक (वित्त) एन श्रीनिवासुलू को प्रदान किया तथा समिति के सदस्य सचिव और उप महाप्रबंधक (राजभाषा) होमनिधि शर्मा को उनके प्रशंसनीय कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित बी डी एल के सी एम डी एवं अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) हैदराबाद कमोडोर ए माधवाराव (से.नि.) और अन्य गणमान्य अधिकारियों ने सभी को बधाई दी।

राजभाषा विभाग, भारत सरकार की ओर से गठित उपक्रमों की इस समिति के लिए यह सातवॉं अवसर है जब इसे दक्षिण क्षेत्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इससे पहले 'ग' क्षेत्रों की श्रेणी में राजभाषा के उत्तम कार्यनिष्पादन के लिए चार बार तत्कालीन राष्ट्रपति और गृह मंत्री के कर-कमलों से राष्ट्रीय स्तर पर इंदिरा गॉंधी राजभाषा पुरस्कार तथा राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।